

**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban



**श्री हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड





# “PMAY (U) ने पूरा किया सुलना देवी का अपने घर का सपना”

श्रीमती सुलना देवी, नगर परिषद, मिहिजाम के वार्ड सं0-17 क्षेत्र अंतर्गत अंबेडकर नगर की निवासी हैं। इनके पति श्री राज कुमार मंडल पिछले 20 वर्षों से पानी पूरी बेचने का काम कर रहे हैं और उसी से अपने परिवार का जीवन-यापन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का लाभ मिलने के पूर्व इनके पास खुद का एक कच्चा मकान था, जिसमें परिवार के सभी 9 सदस्यों के साथ इन्हें रहने में कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

श्रीमती सुलना देवी के परिवार को साँप, बिच्छू कांटने का हर समय भय सताता रहता था। ऐसी स्थिति में इनके घर अपने परिवार के दूसरे सदस्य भी आने से कतराते थे। इनकी आर्थिक स्थिति इतनी दयनीय थी कि वे जीवन में अपना पक्का मकान होने का सिर्फ सपना ही देख सकते थे। इस बीच उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बारे में जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने इसके लिए आवेदन किया। आखिरकार इनका चयन इस योजना के लाभुक के रूप में हो गया। मात्र छः महीने के अंतराल में बने अपने पक्के मकान का गृह प्रवेश इन्होंने अपने पूरे परिवार के साथ इसी साल 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर किया। अब वे अपने पूरे परिवार के साथ अपने इस नए मकान में काफी सुकून के साथ रह रहे हैं। उन्होंने इसके लिए तहेदिल से केंद्र सरकार व राज्य सरकार तथा नगर निगम के तमाम पदाधिकारियों व कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका शुक्रिया अदा किया है।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

टॉल फ्री नं०: 1800-120-2929 | वेबसाइट: dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA